ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

WORK SHEET – 14

Sub : Hindi Grammar **Class : IIB** **Date : 21.09.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

जिराफ़ दुनिया का सबसे लंबा जानवर है। यह अफ्रीका और सहारा रेगिस्तान के दक्षिणी भाग में पाए जाते हैं। यह हिरन के परिवार का ही वंशज है। जिराफ़ की लंबी गरदन और लंबे पैर ही उसे दुनिया का सबसे लंबा जानवर बनाते हैं। जिराफ़ शाकाहारी जानवर है। यह पेड़ों की ऊपरी पत्तियाँ ही खा पाता है। इसकी गरदन इतनी लंबी होती है कि वृक्ष का ऊपरी हिस्सा ही इसके मुँह लग पाता है। इसकी जीभ भी बहुत लंबी होती है, जिससे यह पेड़ों की पत्तियों पर लपकता है। जिराफ़ की चमड़ी का रंग लाल-भूरा होता हैं, जिसमे अलग-अलग आकार के चकत्ते बने होते हैं। यह 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक भाग सकता है। इसकी औसत आयु बीस वर्ष के आस-पास होती है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. दुनिया का सबसे लंबा जानवर कौन सा है? यह कहाँ पाया जाता है?
2. जिराफ़ का रंग-रूप कैसा होता है?
3. जिराफ़ कितने किलोमीटर प्रति घंटा भाग सकता है?
4. जिराफ़ की औसत आयु कितनी होती है?
5. गद्यांश से दो नाम शब्द छाँटे?
6. गद्यांश से एक विशेषण छाँट कर लिखे तथा विशेष्य भी लिखे?
7. शाकाहारी शब्द से वाक्य बनाए?
8. लंबी का विलोम शब्द लिखे?
9. दुनिया शब्द का पर्यायवाची लिखे।
10. गद्यांश से क्रिया छाँटे।

Sangeeta Khosla